This question paper contains **3** printed pages]

AN—313—2019

FACULTY OF ARTS

M.A. (Second Year) (Fourth Semester) EXAMINATION

MARCH/APRIL, 2019

HINDI

Paper XVI

(दलित विमर्श, भाग-2)

(Tuesday, 30-4-2019) **Time : 2.00 p.m. to 5.00 p.m.**

Time—Three Hours *Maximum Marks*—75

N.B. :— (*i*) **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं।

(*ii*) दाहिनी ओर प्रश्नों के पूर्णांक दिए गए हैं।

1. ससंदर्भ व्याख्या कीजिए :

(अ) ''डॉक्टर मनुष्य की लाश का पोस्टमार्टम करता है तो इज्जतदार होता है। भंगिन सफाई करती है तो दुत्कारी जाती है। चमार पशु की खाल उतारता है, तो वह बहिष्कृत और अछूत बना रहता है। मैं यह सब सहता रहा हूँ, इसलिए जानता हूँ कि आखिर भोगी हुई हिकारत का असर और भूख में अभोज्य का स्वाद कैसे होता है ?''

अथवा

''हम गरीबों का जन्म ही इसीलिए हुआ है। हमारी मेहनत से अट्टालिकाएँ तैयार होती हैं और उसके पुरस्कार के बदले में हमारे शरीर को रौंदा जाता है।''

(आ) ''राजनीति में पक्ष और विपक्ष के सदस्यों के लिए यह सांप-छछूँदर का खेल था। सत्ता में रहे या सत्ता से बाहर दोनों के खैमे के क्षत्रपों को ही अखबार वालों से रिश्ते बनाकर रखने होते थे।''

P.T.O.

B8DDC27F8159D352AC3F15298D845226

अथवा

''बहन का यह मायका अभावों का अघोषित कारावास था, जिसे मुझे तो काटना ही था। मेरे बचपन को तो बार-बार इस कारागृह में जाना ही था।''

2. दलित साहित्य की विशेषताओं को विशद कीजिए। 15

अथवा

दलित चेतना का राजनीतिक स्वरूप स्पष्ट कीजिए।

3. '''आज बाज़ार बंद है' उपन्यास वेश्याओं के जीवन-संघर्ष की गाथा है'' समझाइए। 15

अथवा

'''द्रोणाचार्य एक नहीं' कहानी शिक्षा-क्षेत्र में व्याप्त जाति भेद-भाव को रेखांकित करती है।'' चर्चा कीजिए।

4. टिप्पणियाँ लिखिए :

(अ) 'मेरा बचपन मेरे कंधों पर' आत्मकथा के शीर्षक की सार्थकता; 5

अथवा

'झलकी' कहानी की नायिका।

(आ) 'आज बाज़ार बंद है' उपन्यास की भाषा; 5

अथवा

'मेरा बचपन मेरे कंधों पर' में भूख का चित्रण।

5. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर 15-20 पंक्तियों में लिखिए : 5

(*i*) माता प्रसाद के व्यक्तित्व और कृतित्व को स्पष्ट कीजिए।

(*ii*) दयानंद बटोही के साहित्य का सामान्य परिचय दीजिए।

(*iii*) सूरजपाल चौहान का जीवन-परिचय दीजिए।

(*iv*) विपिन बिहारी के साहित्य की विशेषताओं को स्पष्ट कीजिए।

B8DDC27F8159D352AC3F15298D845226

6. (अ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक पूर्ण वाक्य में लिखिए : 5

(*i*) कौशल्या बैसंत्री की आत्मकथा का नाम क्या है ?

(*ii*) माताप्रसाद किस राज्य के राज्यपाल थे ?

(*iii*) 'यातना की आँखें' किस विधा की रचना है ?

(*iv*) 'संतप्त' किसकी आत्मकथा है ?

(*v*) विपिन बिहारी का जन्म कहाँ हुआ ?

(आ) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए : 5

(*i*) 'धर्म परिवर्तन' .... की रचना है।

(*ii*) कौशल्या बैसंत्री का जन्म .... शहर में हुआ।

(*iii*) दयानंद बटोही की पत्नी का नाम .... है।

(*iv*) 'एक स्वप्नदर्शी की मौत .... विधा की रचना है।

(*v*) सूरजपाल चौहान का जन्म .... गाँव में हुआ।

B8DDC27F8159D352AC3F15298D845226